# सबसे बड़े ट्रैवल मार्ट का शुभारंभ आज

## सीएम और केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री शेखावत होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 11 अक्टूबर को शाम 6 बजे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सबसे बड़े मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का शुभारंभ करेंगे.**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी विशेष रूप से सहभागिता करेंगे. इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव विशिष्ट आमंत्रित डेलीगेट के साथ वन-ऑन-वन मीटिंग्स कर पर्यटन निवेश और सहयोग के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे. भारत भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



किये जायेंगे. इन समझौता ज्ञापन का उद्देश्य राज्य में एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारकों के आसपास पर्यटन अधोसंरचना, सेवाओं और जनसुविधाओं का विकास सुनिश्चित करना है.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन एसोसिएशन फॉर टूर ऑपरेटर्स के प्रेसिडेंट रवि गोसाई, प्रसिद्ध अभिनेता रघुवीर यादव, हर्षिल टूर एण्ड ट्रेवल्स के कोफाउण्डर प्रवीण शाह, आईएचसीएल के प्रवीण चंदेर कुमार और क्यूरियस जर्नी की संस्थापक सुश्री मिशेल इमेलमेन उपस्थित रहेंगे. इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 27 देशों के 100 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटरों, 150 घरेलू टूर ऑपरेटरों, 355 सेलर्स, फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधि और मीडिया सहित कुल 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे.

### निवेशकों को दिए जाएंगे एलओए अवॉर्ड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर रायसेन जिले में गोल्फ कोर्स और खंडवा जिले में वेलनेस रिसॉर्ट के निर्माण के लिए निवेशक विनायक कालानी को लैटर ऑफ अवॉर्ड करेंगे. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये इंफ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसी कर्ली टेल्स, बालाजी टेलीफिल्म तथा अतावी बर्ड फाउंडेशन के साथ एमओयू का हस्तांतरण होगा. इस अवसर पर मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति के प्रभाव आंकलन रिपोर्ट का विमोचन भी किया जाएगा. मध्यप्रदेश पर्यटन का अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन कमर्शियल (टीवीसी) भी लॉन्च किया जाएगा. साथ ही हनुवंतिया, मांडू और तामिया में टैंट सिटी की स्थापना और संचालन के लिए संस्था ईज मॉय ट्रिप और ओरछा में टेंट सिटी की स्थापना और संचालन के लिए संस्था आगमन को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किये जायेंगे. मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थलों तक पहुंच सुगम और यात्रा को आसान बनाने के लिए हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने के लिए संस्था जेट सर्व एविएशन प्रा.लि. और संस्था ट्रांस भारत एविएशन प्रा.लि. को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किया जायेगा.

# नार्को कोर्डिनेशन सेंटर समिति का पुनर्गठन

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 अक्टूबर. राज्य शासन ने भारत सरकार द्वारा गठित नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर एनसी ओआरडी के संबंध में विभिन्न हितधारकों के मध्य नीतिगत विषयों पर बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा क्षेत्रीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए एनसीओआरडी तंत्र को प्रभावी बनाने की दिशा में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सेंटर समिति का पुनर्गठन किया गया है.

समिति में अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव गृह, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, वाणिज्यिक कर, शिक्षा, पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, अतिरिक्त महानिदेशक, डीआरआई, इंदौर, डिप्टी नारकोटिस कमिश्नर, सीएनबी, ग्वालियर, उप पुलिस महानिरीक्षक, रेल भोपाल, पोस्ट मास्टर जनरल, स्टेट ड्रग कंट्रोलर/ एफ.डी.उ., निदेशक, एस. एफ. एस. एल नियुक्त किया हैं.

### नशीली दवा के दुरूपयोग के प्रति जागरुकता को दे बढ़ावा

समिति द्वारा राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी की निगरानी करना जिसमें बंदरगाहों समुद्री मार्गों के माध्यम से तस्करी और नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों पर तटीय राज्यों में राष्ट्रीय नीति का कार्यान्वयन शामिल हैं. ड्रग कानून प्रवर्तन और नशीली दवाओं के दुरूपयोग से संबंधित मामलों पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के मुद्दों को संबोधित करना आदि.

## हवन-पूजन सामग्री संग्रह वाहन का शुभारंभ

**बैरसिया.** द नेशनल पावर ग्रुप 18 वर्षों से धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक जैसे अनेकों कायों में सहभागिता निभाता चला आ रहा है. अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में एक नई पहल हवन पूजन सामग्री संग्रह वाहन की पूजन अर्चना कर, वाहन में रक्षा सूत्र बांध शुभारंभ किया है. प्रदीप मिश्रा ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और द नेशनल पावर ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष पंडित जयनारायण बैरागी सहित उनकी टीम को बधाई स्वरूप आशीर्वाद दिया.



# सुहागिन महिलाओं ने की पति की लंबी की उम्र की कामना

**मंडीदीप, 10 अक्टूबर. अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए देशभर में सुहागनों ने करवा चौथ का व्रत रखा है.**

कहते हैं कि कार्तिक कृष्ण चतुर्थी की रात बहुत दिव्य होती है. इसलिए करवा चौथ की रात चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा है. इस दिन भगवान शिव, माता पर्वती, गणपति और चौथ माता की पूजा का भी विधान है. इस दिन निर्जला व्रत रखने वाली सुहागनें चंद्रमा के दर्शन करके अर्घ्य देती हैं और सुहाग की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं.

# नगरीय निकायों में अब पौधों की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 अक्टूबर. मप्र के नगरीय निकाय में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से अब तक 35 लाख 59 हजार पौधे लगाये जा चुके हैं.**

लगाये गये पौधों की सुरक्षा के लिये प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है. नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने अमृत हरित महाअभियान में सघन पौध रोपण के लिये जनभागीदारी की पहल की थी. इस महाअभियान में एक पेड़ मां के नाम और वूमेन फॉर ट्रीज जैसे कार्यक्रम शामिल थे. विभाग द्वारा हरित क्षेत्र विकास के तहत पौध रोपण के बाद उनकी सुरक्षा की गतिविधियों की समीक्षा के लिये अधिकारियों और विशेषज्ञों के द्वारा स्थल निरीक्षण और सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जा रही है. प्रदेश में 1123 महिला अमृत मित्रों को पौधो की निगरानी की जिम्मेदारी सौपी गयी है. इनकी संख्या बढ़ाने के लिये महिला स्व-सहायता समूह की अन्य महिलाओं को भी चयन के बाद प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था की गई है. अब तक कई नगरीय निकायों में स्थल निरीक्षण और प्रशिक्षण का कार्य किया जा चुका है.

# प्रदेश के अधिकतर जिलों से मानसून विदा

## अभी भी कई जिलों में बूंदाबांदी के आसार, रात में गुलाबी ठंडक का अहसास

**भोपाल, 10 अक्टूबर. प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब विदाई की कगार पर है, लेकिन मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कई जिलों में आज भी गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है.**

गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक अनूपपुर, सिंगरौली, मंडला, बालाघाट और डिंडोरी जिलों में हल्की वर्षा दर्ज की गई है. वहीं, मौसम के बदलते मिजाज के साथ रात में ठंडक बढ़ने लगी है. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, 10 अक्टूबर 2025 तक मानसून मध्य प्रदेश



के अधिकांश हिस्सों से पीछे हट चुका है.

वापसी रेखा 18.5ए उत्तर अक्षांश / 72ए पूर्व देशांतर से अलीबाग, अहिल्यानगर, अकोला, जबलपुर, वाराणसी और रक्सौल होते हुए 28ए उत्तर अक्षांश / 86ए पूर्व देशांतर तक फैली है. इससे स्पष्ट है कि मानसून की सक्रियता समाप्ति की ओर है और अब प्रदेश में शुष्क एवं ठंडा मौसम शुरू होने जा रहा है.

आगामी तीन से चार दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार के शेष भागों से पूरी तरह समाप्त हो जाएगा. इसके साथ ही मानसून झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा और तेलंगाना के कुछ हिस्सों से भी पीछे हटेगा. कहीं-कहीं हल्की बारिश, रात में महसूस होने लगी ठंडक मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में हल्की गरज-बरस की स्थिति रह सकती है.

## ट्रस्ट की प्रथम वर्षगांठ 13 अक्टूबर को

**बैरसिया.** आजीविका महिला स्वयं सहायता ट्रस्ट, दिल्ली अपनी प्रथम वर्षगांठ सोमवार 13 अक्टूबर को रसधाम गार्डन मनाने जा रहा है. इसमें सात राज्यों के 50 जिलों की महिला समूह में कार्यरत महिलाएं भाग लेंगी. ट्रस्ट के संस्थापक कृपाराम कुशवाह ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और महिलाओं पर हो रहे आर्थिक शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करना है.

## कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिकी शाखा) भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 433/यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक 9/10/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2025_UAD_456690_1 | Construction of Conduit System and Road Cross infront of UADD Ward 46 Zone 08 | 4070545 | 10-11-2025 | 5.30 PM |
| 2. | 2025_UAD_456668_1 | Construction of CC Road and Utility Duct at Sahyog Vihar Colony | 5237016 | 10-11-2025 | 5.30 PM |

नोट:- संशोधन केवल वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 2553/025/026

